'A' Class cotton grown in Dharwar District of Mysore State for the purpose of recognising the Koppal cotton press marks as 'A' Class cotton and if so, when; and

(b) whether in the interest of the cotton growers, this decision was **publicised and if so, the details of the action taken in the matter?**

The Minister of Commerce (Shri Dinesh Singh): (a) and (b). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

मिर्जापुर में सीमेंट का कारखाना

7215. **श्री स्वतन्त्र सिंह कोठारी :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री प्र० न० सोलंकी :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मिर्जापुर जिले में सीमेंट के कारखाने के लिए फार्म मशीनें देने के लिए सहमत हो गया है;

(ख) यदि हां, तो इस सप्लाई की शर्तें क्या हैं; और

(ग) यह कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) (क) : जी, हां ।

(ख) जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

(ग) 1968 के अंत तक ।

इस्पात की उत्पादन लागत

7216. **श्री क० मि० मधुकर :**
श्री रामावतार शास्त्री :

क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में हाल ही में इस्पात की उत्पादन लागत बढ़ गई है;

(ख) क्या उत्पादन लागत में हुई इस वृद्धि के कारण इस्पात उद्योग तथा व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस्पात का मूल्य किस प्रकार स्थिर रखेगी, विशेष रूप से जबकि इसकी उत्पादन लागत बढ़ गई है, ताकि यह अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतियोगिता में ठहर सके तथा वहां उसकी मांग बनी रहे ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) पिछले कुछ वर्षों में इस्पात की उत्पादन लागत में कुछ बढ़ोतरी हुई है ।

(ख) और (ग) लागत बढ़ने से उद्योग और व्यापार पर कोई खास बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा । मई 1967 में नियन्त्रण हटाये जाने के पश्चात् नयी कीमतें संयुक्त संयंत्र समिति ने निर्धारित की हैं । उत्पादकों ने आश्वासन दिया है कि वे एक साल तक कीमतों में कोई तबदीली नहीं करेंगे ।

निर्यात के मामले में हमारे निर्यातकों को प्रचलित निर्यात-मूल्यों पर माल देने में दूसरे संभरणकर्ताओं के साथ मुकाबला करना पड़ता है । ये मूल्य प्रायः बदलते रहते हैं । यह आवश्यक है कि कुछ माल के निर्यात के लिए नकद सहायता जारी रखी जाए ।

भारी इंजीनियरिंग निगम, रांची

7217. **श्री महाराज सिंह भारती** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य** मंत्री 30 जून 1967 के तारांकित प्रश्न संख्या 859 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारी इंजीनियरिंग निगम, रांची, के उत्पादन सम्बन्धी विभाग में इस समय कितने कर्मचारी काम कर रहे हैं;

(ख) पिछले वर्ष उनकी संख्या कितनी थी; और

(ग) 80,000 मीट्रिक टन की क्षमता लाने के लिए और कितने कर्मचारियों की आवश्यकता होगी ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख) :

संयंत्र का नाम	उत्पादन संयंत्र में कर्मचारियों की संख्या	
	1 अप्रैल, 1966 को	1 अप्रैल, 1967 को
1. फाउन्ड्री फोर्ज प्लांट	1385	2589
2. हैवी मशीन बिल्डिंग प्लांट		
(क) मुख्य संयंत्र	5004	5576
(ख) ढांचा निर्माण-शाला	एक भी नहीं	247
3. भारी मशीनी औजार निर्माण संयंत्र	एक भी नहीं	669

(ग) भारी मशीनी औजार संयंत्र की अंततोगत्वा क्षमता 80 हजार मी० टन है । 1 अप्रैल, 1967 को जितने कर्मचारी काम में लगे हुए थे, इस क्षमता को प्राप्त करने के लिए उनके अतिरिक्त अन्य कर्मचारियों की आवश्यकता संभवतः नहीं पड़ेगी ।

राक फास्फेट का आयात

7218. श्री महाराज सिंह भारती : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 1964-65, 1965-66 और 1966-67 में सुपर फास्फेट उर्वरक के निर्माण के लिए राक फास्फेट की कितनी मात्रा का आयात किया गया ?

वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : 1964-65 से 1966-67 तक आयात की गई राक फास्फेट की मात्रा निम्नलिखित है :

वर्ष	मात्रा हजार में टन में
1964-65	426
1965-66	566
1966-67 ..	859

आयातित राक फास्फेट उर्वरक उद्योग में प्रयोग के लिए हैं जिसमें सुपर फास्फेट का निर्माण शामिल है ।

पंजाब में ट्रैक्टर बनाने का कारखाना

7219. श्री रामावतार शर्मा :
श्री शिवकुमार शास्त्री :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री रघुबीर सिंह शास्त्री :
श्री सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री आत्म दास :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब सरकार ने राज्य में एक ट्रैक्टर कारखाना स्थापित करने के लिए केन्द्रीय सरकार से अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने क्या निर्णय किया है और क्या पड़ोसी राज्य हरियाना में भी एक ऐसा कारखाना स्थापित करने का सरकार का विचार है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?